वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 51 | शनिवार 15 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

# योग हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया अमूल्य उपहार

### प्रत्येक नागरिक योग को अपनाकर स्वस्थ राजस्थान के निर्माण में दें योगदानः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा विश्व को प्रदान किया गया ऐसा अमूल्य उपहार है, जो शरीर एवं मन दोनों को स्वस्थ रखता है। इसलिए योग को हमें जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर राज्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक योग को अपनाकर स्वस्थ राजस्थान के निर्माण में योगदान दें। शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान और सम्मान दिलाया है। प्रधानमंत्री जी स्वयं भी नियमित रूप से योग करते हैं, जिससे वे दिनभर ऊर्जावान रहकर कर्मयोगी के रूप में सक्रिय रहते हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी उद्बोधन योग दिवस पर होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर प्रसारित किया जाए, जिससे बच्चों और युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा मिल सके। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य का हर विभाग अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में आमजन को जागरूक करें तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर जिला स्तर तक योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा इन्हें अधिक से अधिक सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी स्कूलों-कॉलेजों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस पर श्रेष्ठ आयोजन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम राजधानी जयपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं तथा बुजुर्ग भाग लेंगे। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भी वृहद् स्तर पर कार्यक्रम होंगे, जिनमें योग गुरू लगभग 45 मिनट तक प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन करवाएंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50% आरक्षण मिलेगा

**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। सीएम ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। वे आत्मनिर्भर होकर और सशक्त बन सकेंगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के छह महीने पूरे होने के उपलक्ष्य में यह बड़ी घोषणा की है। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शनिवार को उनके कार्यकाल के 6 माह पूरे हो रहे हैं। प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली पड़े हैं। आने वाले बजट में भजनलाल सरकार इन पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकती है। नई भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिससे अधिक महिलाएं भर्ती में चयनित हो सकेंगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। लेकिन वर्तमान में जो नियम है, उसके चलते ग्रेड थर्ड भर्ती से पहले रीट पास करना जरूरी है। रीट केवल पात्रता परीक्षा है। उसमें सफल होने के बाद ही अभ्यर्थी ग्रेड थर्ड भर्ती में शामिल हो सकते है। हालांकि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रीट को समाप्त करने की मंशा जाहिर कर चुके हैं। अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। अगर रीट समाप्त होती है तो फिर सीधे ग्रेड थर्ड भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होगी। जिसमें महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। रीट में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। सीएम भजनलाल शर्मा ने भर्ती परीक्षा की समीक्षा बैठक में 8 जून को कहा था कि हमारी सरकार ने कुछ ही महीनों के कार्यकाल में अब तक विभिन्न विभागों में साढ़े 16 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं।

# प्रदेश के पत्थर उद्योग को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



इंडिया स्टोनमार्ट के 5 फरवरी, 2026 से प्रस्तावित 13 वें संस्करण के आयोजन के लिए शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के मध्य समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस एमओयू से इंडिया स्टोन मार्ट-2026 के आयोजन को नए आयाम मिलेंगे और प्रदेश के पत्थर उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि इससे वैश्विक स्तर पर भी राजस्थान के पत्थर एवं इससे जुड़े अन्य उद्योगों के विकास की राह प्रशस्त होगी। उन्होंने कहा कि लघु भारती उद्योग पहली बार सह आयोजक के रूप में इंडिया स्टोन मार्ट से जुड़ने जा रहा है, संगठन के सदस्यों की ऊर्जा से इंडिया स्टोन मार्ट निश्चित ही नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सफल बनाने की राह में इंडिया स्टोन मार्ट-2026 पत्थर एवं इससे जुड़े उद्योगों के क्षेत्र में प्रदेश की दशा और दिशा बदलने में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

# स्वैच्छिक रक्तदान में सरकारी ब्लड बैंक निजी क्षेत्र से कहीं पीछे

## रक्तदान जागरुकता के लिए रक्तदाताओं का किया धन्यवाद, आरएचएल में रक्तदान जागरूकता पोस्टर का किया विमोचन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को प्रदेश के पहले निजी और स्टेंड अलोन स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से राजस्थान हॉस्पिटल में अस्पताल के चेयरमेंन और अन्य चिकित्सकों ने रक्तदाता जागरुकता एवं धन्यवाद पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान के आकडों पर गौर करें तो सरकारी ब्लड बैंक निजी क्षेत्र की ब्लड बैंकों से कहीं पीछे हैं। आरएचएल के चेयरमेंन डॉ. एस एस अग्रवाल ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस की इस साल की थीम ह्णदान का जश्न मनाने के 20 साल : रक्तदाताओं का धन्यवादह्ण के साथ यह दिन मनाया गया। उन्होंने बताया कि नोबेल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टीनर, जिन्होंने अइड रक्त समूह प्रणाली की खोज की थी, के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड ब्लड डोनर डे रक्तदाताओं को आपस में जोड़ने का काम करता है। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व का प्रचार प्रसार होता है। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान करने से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. के के मिश्रा, डॉ. दिनेश माथुर, आनन्द अग्रवाल, डॉ. सर्वेश अग्रवाल, डॉ. बुद्धादित्य चक्रवर्ती, डॉ. अजय सिंह, डॉ. डी के जैन, डॉ. डी सी खण्डेलवाल, डॉ. विक्रम बोहरा और डॉ. एस एस सोनी मौजूद रहे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पिछले एक साल में प्रदेश में कुल लगभग 7 लाख 95 हजार 990 यूनिट रक्त यूनिट, रक्तदान से प्राप्त हुई है। इसमें कुल स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत 65.83 रहा। इसका 25.40 फीसदी सरकारी ब्लड बैंकों में तथा 74.59 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान निजी ब्लड बैंकों में हुआ। इसी प्रकार जयपुर में कुल 2 लाख 37 हजार यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें से 13.43 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र की ब्लड बैंकों में तथा 86.56 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान निजी ब्लड बैंकों में हुआ है। ब्लड बैंकों के आकडों पर गौर करें तो प्रदेश में कुल 224 ब्लड बैंक हैं। इनमें 59 सरकारी और 165 निजी ब्लड बैंक हैं। जयपुर में कुल 46 ब्लड बैंक हैं इनमें से 9 सरकारी तथा 37 निजी क्षेत्र में हैं। जबकि इन ब्लड बैंकों के द्वारा प्रदेश में पिछले एक साल में 6 हजार 455 रक्तदान शिवर आयोजित किए गए। इसके द्वारा एकत्र रक्त की करीब 10 लाख 69 हजार 175 यूनिट जरूरतमंद मरीजों को दी गईं। आनन्द अग्रवाल ने बताया कि डॉ. अग्रवाल ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक में पिछले वर्षों में रक्तदान करने वाले करीब 50 हजार रक्तदाताओं को हमने आज के दिन वीडियो संदेश के माध्यम से धन्यवाद प्रेषित किया है। राजा पार्क स्थित होटल रमाडा में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में गोविन्द मार्ग, राजा पार्क स्थित होटल रमाडा में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर होटल के एच आर अभिषेक शर्मा व दीपक जैमन ने बताया कि यह शिविर प्रति वर्ष लगाया जाता है। इस शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस दिवस पर स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के चैयरमैन डाक्टर एस एस अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी आभार व्यक्त किया।



# आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि श्री समत्व सागर महाराज ससंघ का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

## देव पूजा, गुरु उपासना, संयम,साधना से अक्षुण्ण पुण्य की प्राप्ति होती है: मुनि समत्व सागर महाराज

**फागी. शाबाश इंडिया**



कस्बे में आज आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि समत्व सागर महाराज एवं मुनि शील सागर महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त संघ सहारनपुर से भीलवाड़ा, केकड़ी, मालपुरा, डिग्गी, चोसला, नीमेडा होता हुआ आज फागी ग्राम की सीमा पर पहुंचा जहां पर सकल जैन समाज फागी ने संघ की बैंड बाजों से जयकारों के साथ भव्य आगवानी की कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष महावीर झंडा एवं मंत्री कमलेश चोधरी ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में मुनि संघ ने कस्बे के सभी जिनालयों में दर्शन किए ओर सकल जैन समाज के द्वारा जगह जगह संघ का पाद प्रक्षालन कर आरती की गई । फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा ने बताया कि कार्यक्रम में मुनि शील सागर जी महाराज के प्रवचन हुए । महिला मंडल की सुशीला झंडा के द्वारा मंगलाचरण किया गया, कार्यक्रम में भरी धर्म सभा में मुनि समत्व सागर महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज फागी वालों का पुण्य प्रबल था जो गांव की सीमा पर 28 गुणों के मूलधारी मुनिराजों का आगमन हुआ और आपको गुरुओं का सानिध्य मिला। उन्होंने कहा कि संसार में सत्यता को जानना जरूरी है हमने आज तक देखा उसे ही सत्य मान बेठे जिनेंद्र वाणी समस्त समस्याओं का समाधान है। संसार में भोग, विषय, वासना दुःखों का कारण है, जिन धर्म से अनंत सुखों की प्राप्ति होगी देव पूजा, गुरु उपासना,संयम, साधना से पुण्य क्षीण नहीं होगा बल्कि अक्षुण्ण पुण्य की प्राप्ति होती है वही महापुरुष कहलाता है , दिगम्बरत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रावकों को पंथवाद में नहीं पड़ना चाहिए, गुरु निंदा नहीं करनी चाहिए, 28 गुणों के मूलधारी, पिच्छिका, कमण्डलु, एवं मुनि मुद्रा दिगंबर साधु की पहचान है। निखिल जैन लावा ने बताया कि दस दिविसीय चल रहे कर्तव्योदय शिविर में परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया, शिविर में सभी अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों , एवं सहयोग देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुनि समत्व सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में विद्वत अंकित जैन के दिशा निर्देश में शिविर का भव्यता के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में मंदिर समिति फागी के द्वारा संघ के संघपति भंवरलाल जैन कीर्ति नगर, एवं आशीष कुमार जैन बापूनगर जयपुर वालों का साफा, माला, शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में संघ पति भंवरलाल जैन कीर्ति नगर, सुरेंद्र मोदी, प्रसिद्ध वास्तुकार विनोद शास्त्री,आशीष जैन,अखिलेश गंगवाल, अभय पाटनी, समाजसेवी नवनीत सोगानी, अनुप्रास गंगवाल, रुपेश जैन, गौरव जैन, संजय पाटनी, जयपुर, नेवटा मंदिर समिति के राकेश जैन, मुनि भक्त मोहन लाल झंडा, समाज सेवी सोहनलाल झंडा, केलास पंसारी, रामस्वरूप मोदी,अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, पूर्व प्रधान महावीर जैन,पंडित संतोष बजाज, हेमराज कलवाडा,पंडित केलास कडीला सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर ली रक्तदान की शपथ



**गढ़ी परतापुर. शाबाश इंडिया**

गढ़ी गार्डन में चल रहे निःशुल्क योग शिविर में विश्व रक्तदाता दिवस के बारे में महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर के सचिव राम भरत चेजारा द्वारा जानकारी दी गई और साथ ही सभी को रक्त दान करने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुलदीप वसीटा,कमलेश जैन,डॉ.पुर्ण ब्रम्हा वैष्णव,योग शिक्षिका चन्द्रिका राव,सुमन राठौड़,शीतल जैन,चरित सोनी,नीलेश जैन,धर्मेंद्र टेलर,अनिता पाटीदार,दीपिका टेलर,ताजेश्वरी ,दिपेश जैन,मयूर टेलर,महेश टेलर,जैनिल टेलर आदि उपस्थित रहे। उपस्थित योगसाधको को रामभरत चेजारा ने रक्तदान का महत्व बताते हुए जरूरत पड़ने पर सहर्ष रक्तदान के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया ने सभी रक्तवीरो को रक्तदान शपथ पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि रक्तदान हमारी सांस्कृतिक एतिहासिक एवं पौराणिक विरासत है और ऐसा करके हम ऋषि मुनियों की देहदान, अस्थिदान आदि पावन परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने में मदद कर रहे हैं।



## वेद ज्ञान

### अब जानें प्रभुसत्ता को...

अनादि काल से यह चराचर सृष्टि उस असीम प्रभुसत्ता की न्यायप्रिय बागडोर से ही अधिशासित है। यह व्यवस्था इतनी सुव्यवस्थित है कि कभी इसने किसी जीव के साथ किंचित भी अन्याय नहीं किया है। इस दुर्लभ जीवन का कोई भी सुअवसर प्रभुकृपा के बगैर संभव नहीं है। इस संसार में संपूर्ण जीवजाति अपने विगत कर्मों की शुचिता व अशुचिता के क्रम में जन्म ग्रहण करती है, लेकिन सभी को वही कुछ नहीं नसीब हो पाता है जिसकी आवश्यकता उसे महसूस होती है अथवा जिसे वह प्राप्त कर लेना चाहता हो। अपने पुण्यकर्मों के प्रभाव से प्राप्त पद की गरिमा, शक्ति व चकाचौंध में अज्ञानता से वशीभूत होकर वह समय व अपने अधीनस्थों को अपने निदेशों से निर्देशित करना चाहता है। वह भूल जाता है कि यहां जो कुछ भी मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही सुलभ हुआ है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता की पराकाष्ठा तक पहुंचने के दो ही सूत्र हैं। एक कार्य के प्रति संघर्ष युक्त निष्ठा (ईमानदारी) और दूसरा जो प्रमुख कारक है वह है प्रभुकृपा। जीवन के महासंग्राम में सभी सैनिक अपने-अपने उद्देश्यों और आदर्शों की लड़ाई लड़ते हैं, लेकिन योग्यता, क्षमता व प्रचुर शक्ति के होते हुए भी विजयश्री उसी को मिलती है जिस पर महज प्रभुकृपा होती है। जीवन में हर व्यक्ति संघर्ष व मेहनत करता है। चुनाव में असंख्य लोग अपना अथक श्रम, पैसा व शक्ति लगाकर भाग्य आजमाते हैं, लेकिन विजयश्री की कुर्सी व पद उसे ही प्राप्त होता है जिसे प्रभुकृपा का प्रसाद कवच रूप में प्राप्त होता है। प्रभुसत्ता के समक्ष संसार की सारी सत्ताएं धरी की धरी रह जाती हैं। उसके बगैर वे वैभव व श्रीहीन हो जाती हैं। यदि मनुष्य के हाथ में कुछ होता तो वह मनचाहा जीवन जीने की प्रभुता रखता, लेकिन एक क्षण भी वह प्रभुकृपा की स्नेह-छांव के बगैर जीवन यात्रा का पग आगे नहीं बढ़ा सकता। संसार में जो भी जिसे मिला है वह महज प्रभुकृपा से ही। वह उतनी ही देर उस पद अथवा सत्ता पर आसीन रह सकता है जितनी देर प्रभुकृपा से उसे अवसर प्राप्त हुआ है। जीव को जीवन का हर अवसर प्रभु द्वारा उसकी उत्तम बुद्धिमत्ता, शक्ति, विवेक, पौरुष व उसकी मौलिकता की परीक्षा के लिए दिया जाता है कि उसमें वह प्रभु के सौंपे गए उत्तरदायित्वों में कितना खरा सिद्ध होता है।

## संपादकीय

# हजारों शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कोई सुनवाई

कुवैत के मंगफ क्षेत्र में अग्निकांड के बाद खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीय मजदूरों की बदहाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में



अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। यह साफ है कि कुवैत में मजदूरों के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। वहां पर खराब स्थिति और कम संसाधनों के बीच उन्हें रहने को मजबूर किया जाता है। जबकि, कुवैत की अर्थव्यवस्था जो इस समय आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीयों की भूमिका सबसे ज्यादा है। आरोप तो यहां तक लगते हैं कि कुवैत के स्थानीय लोग भारतीय मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। नियोक्ता तय वेतन से कम भुगतान करते हैं। सुविधाएं ना के बराबर हैं। एक-एक कमरे में 15 से 20 मजदूरों को ठूंस कर रखा जाता है। मंगफ क्षेत्र की जिस इमारत में आग लगी, उसकी सुरक्षा और सरकारी प्राधिकारों की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। वहां जांच बिठा दी गई है। लेकिन अहम सवाल यह है कि व्यवस्था में सुधार को लेकर कोई पहल पहले क्यों नहीं दिखी। सवाल यह भी उठता है कि बदहाली के बावजूद कुवैत समेत खाड़ी देशों में मजदूरों की संख्या क्यों बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक भारतीय मजदूर वहां चालीस से पचास हजार रुपए हर महीने कमा लेता है। जाहिर है, कुवैत में ज्यादा कमाई का लालच तो है ही। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 1990-91 के खाड़ी युद्ध में कुवैत में भारतीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़ा। भारतीयों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। 1.7 लाख से ज्यादा भारतीयों ने देश छोड़ा। लेकिन इसके बाद ज्यादा कमाई के लालच में वहां संख्या बढ़ी। साथ ही, वहां की कंपनियों का सस्ते श्रम का लालच भी बढ़ा। कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। वहां अधिकतर मजदूर केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार से जाते हैं और उनके अनुभव आमतौर पर ठीक नहीं होते। मंगफ हादसे में मरे मजदूरों के बारे में ऐसी भी जानकारियां सामने आई हैं कि उनमें से कई को पर्यटक वीजा पर ले जाया गया। अब कुवैत सरकार ऐसे मजदूरों को अवैध मजदूर के तौर पर चिह्नित करने में जुटी है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# भारतीयों की चिंता

यह मर्माहत कर देने वाली खबर है कि कुवैती शहर मंगफ में एक आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम 40 भारतीयों की जान चली गई। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आग उसी इमारत में लगी, जहां दर्जनों कर्मचारी रहा करते थे, उन्हें बचने का मौका तक नहीं मिला। निचली मंजिल पर लगी आग ऊपर फैलती चली गई। अधिकांश हताहत दक्षिण भारतीय राज्य केरल और तमिलनाडु से हैं। करीब 50 भारतीय घायल भी हुए हैं। घायलों में नेपाली कामगार भी शामिल हैं। इसमें तो कोई दोराय नहीं कि ये कर्मचारी या मजदूर बहुत अमानवीय माहौल में रह रहे थे। इमारत में करीब 196 कर्मचारी रह रहे थे। जाहिर है, इमारत में काफी भीड़भाड़ थी और इसी वजह से कर्मचारी आग से घिर गए। कुवैती उप-प्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ अल-सबा ने इमारत के मालिकों पर लालच का आरोप लगाया और कहा कि भवन मानकों के उल्लंघन के चलते यह त्रासदी हुई। वैसे, सिर्फ वजह बताने से काम नहीं चलेगा, हमें यह देखना होगा कि क्या कुवैती सरकार दोषियों के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी ? ध्यान रहे, तमाम अरब देशों में भारतीय बड़ी संख्या में रहते हैं। छोटे से मुल्क कुवैत की अगर बात करें, तो वहां आबादी का दो-तिहाई हिस्सा विदेशी श्रमिकों से बना है। वहां पर भारतीय श्रमिकों की संख्या अच्छी-खासी है। इतने बड़े हादसे के बाद प्रशासन जागता लग रहा है। प्रशासन सफाई दे रहा है कि ऐसे आवासों में भीड़भाड़ को लेकर अक्सर चेतावनियां जारी की जाती थीं, पर भवन मालिकों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस त्रासदी पर मानवाधिकार समूहों ने भी चिंता जताई है। अब चिंता से आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। तमाम अरब देशों में मजदूरों की स्थिति बहुत अमानवीय है। इन सभी देशों में मजदूरों की सुरक्षा चाक-चौबंद करने पर ध्यान देना होगा। भारत सरकार को अपनी ओर से भरपूर दबाव डालना होगा, ताकि अरब देशों में हमारे कामगारों के प्रति संजीदगी बढ़े। देश के लाखों मजदूरों को रोजगार के लिए विदेश जाना पड़ता है, तो विदेश गए मजदूरों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी कम नहीं हो जाती है। सबकी नजरें भारत सरकार पर है कि वह आगामी दिनों में अपने लोगों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाती है? अरब देशों ही नहीं, यूक्रेन, रूस जैसे अनेक देशों में भारतीयों की सुरक्षा को ताक पर रखा जा रहा है। मिसाल के लिए, युवा काम की तलाश में रूस जाते हैं और उन्हें रूस में सैनिक बना दिया जाता है। रूसी सेना की ओर से लड़ते हुए भारतीय हमें बहुत चिंता में डाल रहे हैं। सरकार को आपत्ति जताने से आगे जाकर अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यहां यह जान लेना चाहिए कि विदेश में भारतीयों की मौत चिंता की एक बहुत बड़ी वजह बनती जा रही है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगे गए एक जवाब के मुताबिक, अकेले साल 2020 में विदेश में कुल 11,439 भारतीयों की मौत हुई। अगर छात्रों की बात करें, तो साल 2018 के बाद से विदेश में 403 भारतीय छात्रों की विभिन्न वजहों से मौत हुई है। इनमें से सर्वाधिक 91 छात्र कनाडा में मारे गए हैं। सोचने वाली बात है, भारतीय छात्रों की मौत के मामले में कनाडा, ब्रिटेन, रूस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे देशों का दामन साफ नहीं है।

# जेएसजी ग्लोरी द्वारा ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह "नवोदय उत्सव" संपन्न












**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पुष्करा रिसोर्ट पुष्कर में जे एस जी ग्लोरी द्वारा एक बहुत ही शानदार और ऐतिहासिक शपथ ग्रहण नवोदय उत्सव का आयोजन हुआ। ग्रुप अध्यक्ष पियूष - मोनाली सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम 140 परिवारों ने रिसोर्ट में फन जोन , पूल पार्टी तथा डांस धमाल का आनंद उठाया। सभी ने एक दिवस में ही तीन शानदार कार्यक्रमों के साक्षी बने जो इतिहास के पन्नो में सदा अंकित रहेगा और उन पलों को भूल पाना असम्भव है। जे एस जी ग्लोरी ने अपने सभी सदस्यों को रात्रि प्रवास भीं इस पांच सितारा रिसोर्ट में उपलब्ध कराया था। जो की एक असम्भव बात है। इस अवसर पर एंकर कबीर ने अपनी वाणी से ग्रुप सदस्यो का पहले पूल प्रोग्राम फिर फन जोन में भरपूर मनोरंजन किया और सभी सदस्यों को आनंददायक खेल भी खिलाए। हेमंत - स्वेता बड़जात्या सचिव ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में पीयूष - मोनाली सोनी जैन अध्यक्ष, हेमंत - स्वेता बड़जात्या सचिव, नयन - मोनिका जैन कोषाध्यक्ष, विनीत - संजोली जैन उपाध्यक्ष तथा श्वेता - नीरज अजमेरा ,अखिल - अनिता पाटनी, प्रकाश - अंजु जैन ने संयुक्त सचिव पद की शपथ ली। अवधेश - मीनू ,अर्पित - सुरभी आशीष - सूची, चंद्रप्रकाश - डॉली, अमित- रुचिका, राजीव - शुभांगी, रमेश- पुष्पा, रमेश - दीपाली पाटोदी, सौरव - रूबी जैन, सुनील - शिखा ने कार्यकारिणी सदस्य तथा नवीन- कविता, अजय - ललिता ने ग्रुप एडवाइजर का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉक्टर शोभा तोमर चांसलर निम्स यूनिवर्सिटी विशिष्ट अतिथि , कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश जैन पूर्व अध्यक्ष जे एस जी इंटरनेशनल फेडरेशन, महेंद्र सिंघवी चेयरमैन नॉर्दन रीजन मुख्य अतिथि , राजीव पाटनी चेयरमैन इलेक्ट नॉर्दन रीजन, सिद्धार्थ जैन सेक्रेटरी नॉर्दन रीजन , विनोद कोटखावदा संस्थापक अध्यक्ष जे एस जी मेट्रो , प्रदीप जैन लाला संस्थापक अध्यक्ष महानगर, संजय जैन अध्यक्ष महानगर, सी एस जैन इंटरनेशनल डायरेक्टर, रवि जी जैन पूर्व अध्यक्ष महानगर एवम चेयरमैन न्यू ग्रुप कमिटी नॉर्थन रीजन , डॉक्टर राजीव जैन , संयुक्त सचिव नॉर्दन रीजन तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष नयन - मोनिका जैन ने बताया कि जे एस जी महानगर ने जे एस जी ग्लोरी को स्पॉन्सर किया है। पीयूष सोनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ग्लोरी ग्रुप की शुरूआत तथा अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा पर प्रकाश डाला । हेमंत बड़जात्या ने ग्लोरी ग्रुप का विजन बताया। ग्लोरी ग्रुप ने इस अवसर पर अपने दंपती सदस्यो के उन बच्चों का सम्मान भी किया जिन्होंने बोर्ड एग्जाम में बहुत ही अच्छे अंक प्राप्त किए। कार्यकम में इस अवसर पर मूवी फर्जी पोपटलाल का पोस्टर विमोचन भी किया गया। यह मूवी राज मिर्जा डायरेक्ट कर रहे है और इस मूवी के प्रोड्यूसर पीयूष सोनी जैन है। ग्रुप को जयपुर के कई गणमान्य नागरिकों के बधाई संदेश भीं प्राप्त हुए । समारोह में ग्रुप द्वारा रमेश - पुष्पा जैन का उनके विशिष्ट योगदान के लिए मांल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में अजय - ललिता तोडिया तथा सुनील - शिखा - बाकलीवाल ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

# राजस्थान जैन युवा महासभा पर्यावरण संरक्षण के लिए लगायेगी 15000 पौधे






## प्रत्येक जोन को दिया 1000 पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने का लक्ष्य

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर द्वारा गत 30 वर्षों से धार्मिक गतिविधियों के साथ मानव सेवार्थ एवं सामाजिक सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष के दौरान आगामी वषार्काल में पर्यावरण संरक्षण के लिए 15000 पौधे लगाने का संकल्प युवा महासभा के सहकार मार्ग स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित मीटिंग में लिया गया। युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में आयोजित इस मीटिंग का शुभारंभ विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र के तीन बार सामूहिक उच्चारण से किया गया। मीटिंग में सभी 5 सम्भागो एवं 15 जोनो के पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। इस मीटिंग में सभी जोनो को अपने अधीनस्थ युवा एवं महिला संगठनों के माध्यम से प्रत्येक जोन में कम से कम 1000 पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने का लक्ष्य दिया गया है। शहर के 225 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में, आसपास के पार्को में, जयपुर शहर व आसपास के तीर्थ क्षेत्रों, धर्मशालाओं इत्यादि में अभी से जगह देखने एवं पौधे लगाने की रुपरेखा बनाने हेतु उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये हैं। प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश जैन ने बताया कि जयपुर महानगर में 150 से अधिक युवा एवं महिला संगठन, महिला मण्डल, जेएसजी संगिनी फारम आदि युवा महासभा के अधीनस्थ धार्मिक एवं सामाजिक सेवा की गतिविधियां कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक अभी हाल ही में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की जन्म जयंती 3 अप्रैल से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक 21 अप्रैल तक युवा महासभा द्वारा 21 से अधिक गतिविधियां मानव सेवार्थ एवं धार्मिक पखवाड़ा के दौरान की गई है। इसके साथ ही जीव दया कार्यक्रम के अन्तर्गत बेजुबान पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए 1100 परिण्डे एवं भोजन के लिए 1100 चुग्गा दाना घर विभिन्न क्षेत्रों में पेडों पर बांधे गये तथा वितरित किए गए। मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने अपने स्वागत उदबोधन में धार्मिक एव सामाजिक सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत की गई गतिविधियों एवं परिण्डे एवं चुग्गा दाना घर वितरण कार्यक्रम के लिए सभी को साधुवाद एवं धन्यवाद दिया। मीटिंग का संचालन प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने किया।

# उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज को 2024 चातुर्मास के लिए 16 जून को चढ़ाएंगे श्रीफल

**आगरा. शाबाश इंडिया**

मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ का वषायोग इन दिनों आगरा में कराए जाने की संभावना नजर आ रही है, चूंकि उपाध्याय संघ फिलहाल आगरा सीमा से लगे फिरोजाबाद में मंगल प्रवास कर रहे हैं, जिसके चलते समाज को भी उपाध्याय श्री से बड़ी उम्मीद है कि वह अपना चातुर्मास आगरा में ही करें। ऐसे में कमला नगर जैन समाज के तत्वावधान में भाव प्रवल दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते ग्रेटर कमला नगर के पांचों मंदिरों की जैन समाज और आगरा दिगम्बर जैन परिषद आगरा के समस्त पदाधिकारी गण, कार्यकारिणी सदस्य, आगरा नगर की समस्त शैलियों के मन्दिर कमेटीयों के अध्यक्ष, मन्त्री, सदस्यगण एवं समस्त युवा मन्डल की बैठक सामूहिक रुप से आगरा के कमला नगर स्थित डी ब्लॉक के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के आचार्य संत निलय में 13 जून को आयोजित की गई। जिसमें बैठक में तैयारियों को लेकर ये भी तय किया गया है कि यदि उपाध्याय संघ का कमला नगर जैन समाज को अपनी स्वीकृति देते हैं तो चातुर्मास में व्यवस्थाओं की रुपरेखा किस प्रकार रहेगी।



इसी के चलते वर्षायोग समिति का गठन भी कर लिया गया है। प्रदीप जैन पीएनसी बनेंगे वर्षायोग के गौरवाध्यक्ष, पांचों मन्दिरों के बोर्ड ओफ ट्रस्टीगण रहेंगे वषायोग के प्रमुख संरक्षकगण, नगर के अन्य विशिष्ट जन रहेंगे वषायोग के संरक्षकगण रहेगें और यह भी तय किया गया है कि 16 जून को प्रातः 6:00 बजे कमला नगर और आगरा की विभिन्न शैलियों से काफी संख्या में बसें प्रातः 6:00 बजे मैनपुरी के घिरोर के लिए रवाना होंगी। जहां मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ के श्री चरणों में आगरा में चातुर्मास 2024 हेतु श्रीफल भेंटकर निवेदन किया जाएगा।

आगरा दिगंबर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन ने बताया कि गणिनी आर्यिका रत्न विशुद्धमति माताजी ससंघ का आगरा नगर मे मुख्य मंगल प्रवेश दि.18 जून को प्रातः 6 बजे छीपीटोला से चल एम डी जैन इन्टर कालेज हरीपर्वत परिसर पर प्रातः 7.30 पर आगरा दिगम्बर जैन परिषद के तत्वावधान मे होगा, जहां विशाल धर्म सभा आयोजित होगी।इसी कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन कमलानगर डी ब्लॉक जैन मंदिर में आयोजित हुई बैठक मे नगर के श्रेष्ठीजनो के द्रारा किया गया। बैठक का संचालन मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। इस अवसर पर आगरा दिगंबर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, राकेश जैन पदेवाले, सुनील जैन ठेकेदार, प्रदीप जैन पीएनसी, रोहित जैन अहिंसा, यशपाल जैन, शैलेन्द्र जैन, मुख्य संयोजक, मनोज जैन बांकलीवाल, सुशील जैन, शुभम जैन, अरुण जैन, पवन जैन, कुमार मंगलम जैन, रजत जैन, अनिल रईस, राकेश बजाज, पंकज जैन, अनुज जैन क्रान्ती, अनिल जैन ऋछकनरेश लुहाडिया, अंकुश जैन, रविंद्र कुमार जैन, विजय जैन, सुशील जैन समस्त आगरा सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**-रिपोर्ट शुभम जैन**

# अर्थ के साथ-साथ धर्म पुरुषार्थ भी जरूरी : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



जयपुर. शाबाश इंडिया

प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ने कहा कि - हमें काम पुरुषार्थ व अर्थ पुरुषार्थ के साथ साथ धर्म व मोक्ष पुरुषार्थ भी करना चाहिए । यह बात माताजी ने पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय नगर जयपुर में विराजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आज का हर व्यक्ति अर्थ पुरुषार्थ करने में लगा है और यदि उन्हें धर्म पुरुषार्थ करने को कहा जाए तो उनके पास समय नहीं है। धन - संपत्ति को हम संग्रहित करने में इतने व्यस्त हो गए कि यह भूल गए कि हम असली धन तो कमा ही नहीं रहे जो हमारे साथ जाने वाला है। धर्म से कमाया गया हमारा कर्म पूण्य - पाप ही है जो हमें हमारी भविष्य की मंजिल दिखायेगा ।इसलिए जीवन मे अर्थ के साथ धर्म भी जरूरी है। पूज्य माताजी ससंघ की आहारचर्या करवाने का सौभाग्य जितेंद्र मालवीय नगर निवासी को प्राप्त हुआ। पूज्य माताजी ससंघ के सान्निध्य में चल रहे भक्तिमय आनंद यात्रा, आरती आदि का लाभ भक्तगणों को दिन - प्रतिदिन मिल रहा है।

# अरिहंत महिला मंडल के चुनाव संपन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर बरकत नगर की अरिहंत महिला मंडल के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। निम्न पदों का चयन इस प्रकार किया गया परम संरक्षक सरला जैन, अध्यक्ष मैना कासलीवाल, उपाध्यक्ष मीरा सेठी, सह उपाध्यक्ष शशि, मंत्री सुनीला बगायत वाले, सह मंत्री रजनी पाटनी, कोषाध्यक्ष सुशीला बाकलीवाल, सांस्कृतिक मंत्री मधु जैन, सह सांस्कृतिक मंत्री अनीता जैन किचन वाले, धार्मिक मंत्री आभा, शालिनी, प्रचार मंत्री सुदेश, अर्चना काला एवं कार्यकारिणी सदस्य चेतना, नगीना, कमला, नीतू, राशि, कृति, कविता, सुनीता, उषा, अरिहंत महिला मंडल बरकत नगर जयपुर।







## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की मासिक मीटिंग संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की मासिक मीटिंग ई.पी. के ब्लू प्लूटो में आयोजित की गई। जिसमें पूरे वर्ष किये गए सेवा कार्यों, उपलब्धियों, व आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष ला. रानी पाटनी द्वारा सभी का पूरे वर्ष सहयोग देने, सेवा कार्य करने व रीजन व डिस्ट्रिक्ट में अपनी विशेष स्थान बनाने में प्राप्त सहयोग हेतु धन्यवाद प्रेषित किया गया।सचिव द्वारा गत माह की रिपोर्ट पढ़ी गयी।क्लब में विशेष सेवा कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही नए सत्र 2024-25 की पी एस टी टीम का स्वागत किया गया व नए सत्र में नई उपलब्धियां हासिल करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई।सभी के मनोरंजन के लिए हास्यमय गेम खिलाये गए, समूहित नृत्य का आनंद भी लिया।अंत मे स्वादिष्ट भोजन के साथ सभा का समापन किया गया।आज की मीटिंग में क्लब की सभी सदस्याओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## सकल जैन समाज की मीटिंग सम्पन्न हुई




**इंदौर. शाबाश इंडिया।** सम्माननीय समस्त गुरुभक्त की आज जाल सभाग्रह में सकल जैन समाज की एक अहम मिटीग सम्पन्न हुई। समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ का इंदौर चातुर्मास 2024 हेतु जिस प्रकार समाज एकता के साथ समस्त गुरुभक्तों ने आज मिटीग में अपने अपने विचार व्यक्त किये। समस्त जैन समाज की उत्कृष्ट भावनाओं को परिभाषित कर गया। इस मिटीग में जैन रत्न पंडित रतनलाल शास्त्री जी बाल ब्रह्मचारी अभय भैया राजकुमार पाटोदी नरेंद्र वेद अशोक बडजात्या, हंसमुख गांधी रानी अशोक डोसी अशोक खासगीवाला अंरवीद जैन एडवोकेट निर्मल कासलीवाल कैलाश वेद राजेश जैन दद्दू प्रदीप बडजात्या नकुल पाटोदी डीके जैन डीएसपी चिंतन बाकीवाला मोनू सपना गोधा मनोज अनामिका बाकलीवाल एवं इंदौर जैन समाज के सभी वरिष्ठ जन एवं इंदौर सकल जैन समाज गुरुदेव को इंदौर लाने हेतु प्रयास रत है।इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अब हमें ऐतिहासिक प्रयास करना है ।इसके लिए सकल जैन समाज इंदौर आप ओर हम सभी एकसाथ कम से कम 51 बसों के माध्यम से तारीख 23/6/24 रविवार को पू. गुरुजी के श्री चरणों मे मध्य-प्रदेश की राजधानी भोपाल में विशाल श्रीफल समर्पित करने सामुहिक रूप से जैन समाज को भोपाल चलना है।

## जीवन कभी भी निराशा व हताशा में नहीं जीना : भीम कानसरिया

### सनातन धर्मशाला में आयोजित 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के नौवे दिन मनमौजी क्लास ने योगाभ्यास करवाया



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर की संस्था पतंजलि योग परिवार की तरफ से सनातन धर्मशाला में तहसील प्रभारी मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।आज के सत्र में सहयोग शिक्षक हुक्म सिंह, भीम कानसरिया, बलराज सिंह कूका अपनी पूरी मनमौजी योग क्लास के साथ बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्यातिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया व सबको योग करने के लिए प्रेरित किया।सभी योग साधकों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वांगासन, हलासन, चक्रासन, वृक्षासन आदि सिखाया।आसनों के अलावा ज्ञान वर्धक उपदेशों से उपस्थित लोगों को लाभांवित किया गया।योग शिक्षक भीम कानसारिया ने बताया कि जिसने आहार, विचार, वाणी, व्यवहार, स्वभाव को संवार लिया उसका पूरा जीवन संवर जाएगा। वह जीवन के हर क्षेत्र में सफल होगा। योग हमारे जीवन की साधना, पुरुषार्थ, प्रयोजन, ध्येय और ऐश्वर्य है। यह सबको समान रूप से परमात्मा ने दिया है इसलिए कभी भी निराशा, हताशा में नहीं जीना और कभी भी अपना हीन मूल्यांकन नहीं करना।

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# स्वर मीमांसा में गूंजे बागेश्वरी के स्वर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संगीत रसिकों के बीच विद्याश्रम के सुरुचि केंद्र सभागार में पंडित आलोक भट्ट ने मोहन वीणा पर जब राग बागेश्वरी के स्वर छेड़े तो श्रोताओं ने तालियां बजाकर मौके की राग का स्वागत किया। रंगशिल्प,भुवन्स सुरूचि केन्द्र द्वारा कल्पना संगीत विद्यालय समिति के सहयोग से आयोजित ''स्वर मीमांसा'' कार्यक्रम के अंतर्गत कलाकार ₹एक विधा अनेक₹मे पंडित आलोक भट्ट ने बागेश्वरी में आलाप,जोड़ ,झाला के बाद मध्यलय द्रुत तीन ताल, विलंबित द्रुतगत के बाद राग किरवानी में एक धुन प्रस्तुत की। आलोक में जिस सहजता और सरलता से मोहन मीणा पर स्वरों का उतार चढ़ाव किया,वह दर्शकों के दिलों को छू गया। इससे पूर्व रंगकर्मी और लोक गायक ईश्वर दत्त माथुर ने पंडित आलोक भट्ट की संगीत पृष्ठभूमि और उनकी संगीत यात्रा, साहित्य सृजन और सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके अवदान पर सार्थक चर्चा की। पंडित आलोक भट्ट ने कहा कि संगीत ही ईश्वर उपासना का सहज और सरल माध्यम है और मन की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में सरल बिहारी जी मंदिर के महंत पंडित दीपक गोस्वामी और समाजसेवी एवं साहित्यकार प्रभाकर गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे। रंगशिल्प के सचिव राजेंद्र शर्मा राजू ने स्वागत किया और अंजू भट्ट ने आभार व्यक्त किया।

# सम्मानित हुए वंदन राज टाक

## हाल ही में प्रकाशित हुई अपनी मोटिवेशनल बुक को लेकर चर्चा में हैं युवा राइटर



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** हाल ही में अपने पाठकों तक पहुंची हिंदी मोटिवेशनल कविताओं की किताब 'यक ीन से मुमकिन' तक के युवा राइटर वंदनराज इन दिनों चचाओंं में हैं। उनकी किताब भारत के विभिन्न समारोहों में सुर्खियां बटोर रही है तथा युवाओं के बीच खासी चर्चित हो रही है। इसी दौरान इसी दौरान एक कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे वंदन का उनके चाहने वालों ने सम्मान किया। मौका था श्री श्री 1008 श्री सगस जी बावजी श्री श्री 1008 श्री वीरवर कल्लाजी राठौड़ एवं सनातन धर्म के नाम आयोजित की गई भजन संध्या का। जहां पहुंच कर युवा लेखक ने बुजुर्गों को अपनी किताब की प्रति भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और युवाओं के सम्मुख अपने विचार व्यक्त किए।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर आरसीएम परिसर में 79 यूनिट रक्तदान हुआ

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आरसीएम उद्योग समूह द्वारा रीको ग्रोथ सेंटर स्वरूपगंज, हमीरगढ़ स्थित आरसीएम परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 79 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । आरसीएम उद्योग समूह के सत्यम शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में महात्मा गाँधी अस्पताल की टीम का सहयोग रहा और भीलवाड़ा के रक्त वीर विक्रम दाधीच के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरसीएम ग्रुप की महिला कर्मचारी पूर्वी सोडानी, स्वाती गौतम, खुशबू गुप्ता , खुशी रस्तोगी ने रक्तदान किया और दूसरी महिलाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने के लिये प्रेरणा बनी। आरसीएम सीएसआर प्रबंधक संजय मौड़ ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ हमीरगढ़ एसडीएम (उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट) नेहा छीपा (आरएएस) ने दीप प्रज्वलन कर किया और सभी को इस नेक कार्य मे आगे आने के लिये कहा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आरसीएम मानव सेवा को लेकर जो सेवा कार्य कर रहा है वो सरहानीय है। इस अवसर पर स्वरूपगंज लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राम प्रकाश काबरा, रीको ग्रोथ सेंटर औद्योगिक संगठन के सचिव बंटी सरदार , आरसीएम की ओर से एच आर एडमिनिस्ट्रेशन व सीएसआर हेड मुकेश प्रताप सिंह, आरसीएम के जीएम राजेंद्र सिंह भाटी, सत्यम शर्मा, सी एस आर वरिष्ठ प्रबंधक संजय मौड़, पर्यावरण विशेषज्ञ महेश चंद नवहाल, वेलनेस कोच राघव राजस्थला, एचआर आशीष जयनानी, रक्तवीर विक्रम दाधीच, आरसीएम एडमिन वरिष्ठ प्रबंधक अंकित भार्गव, वरिष्ठ प्रबंधक गिरीश आनंद, सहायक प्रबंधक एचआर दिलखुश स्वर्णकार, वरिष्ठ प्रबंधक एचआर जयदीप सिंह राठौड़, नर्सिंग स्टॉफ फतेहलाल, हर्षित पाराशर, महिपाल नेगी, एसडीएम के पीए वैभव भट्ट, संजय सारस्वत, नरेंद्र आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भीलवाड़ा के विधायक अशोक कोठारी के प्रतिनिधि मंडल ने भी उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। प्रतिनिधि मंडल में बाबूलाल टाक, एडवोकेट अर्पित कोठारी, दिनेश सुथार प्रमुख थे। आरसीएम के महेश चंद्र नवहाल ने रक्तवीर विक्रम दाधीच को 105 बार रक्तदान करने के लिये सम्मानित किया तथा सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी अवसर पर आज सूचना केंद्र पर आमजन को रक्तदान के प्रति जागरुक करने के लिये भीलवाड़ा के प्रसिद्ध कलाकार के.जी. कदम द्वारा द्वारा रंगोली बनायी गई एवं आरसीएम उद्योग समूह के सहयोग से दीपक जलाकर रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर-2024 का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल की महावीर नगर ईकाई का धार्मिक संस्कार शिविर का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आज जैन भवन महावीर नगर में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के अध्यक्ष सेवानिवृत डी.आई. जी. अनिल कुमार जैन ने की । ईकाई के अध्यक्ष राजेन्द्र पांड्या ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि महासमिति के राष्ट्रीय महामन्त्री सुरेन्द्र पांड्या थे ' ईकाई के मंत्री राजेन्द्र पापड़ीवाल ने बताया कि जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन,महावीर बाकलीवाल, डा.बी सी जैन,कैलाश मलैया,नवीन सेन जैन,निर्मल संघी,शकुंतला बिन्दायका एवं राजेश बड़जात्या विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम श्रीमती मृदुला पांड्या एवं श्रीमती सरला जैन के मंगलाचरण गायन से प्रारम्भ किया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर में सम्मिलित परीक्षार्थियों एवं शिक्षकों को अनिल पूर्वा गोयल एवं रवि लता की ओर से पुरस्कार वितरण किये गये। पश्चिम संभाग के मंत्री महेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मनोज गोधा, महावीर नगर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष दर्शन बाकलीवाल, मंत्री सुनील बज, कोषाध्यक्ष गिरीश बाकलीवाल, रमेश भौंच, बाबूलाल जैन, नितिन पाटनी, महावीर पांड्या, प्रवींन जैन, मुकेश ठोलिया, के के जैन, अखिल बंसल की गरिमामय उपस्थिति रही। ईकाई के विभिन्न पदाधिकारियों की भी गरिमामय उपस्थिति रही। समारोह में द्वीप प्रज्वलन के पश्चात अध्यक्ष महोदय एवं मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ शिक्षको,परीक्षार्थियों एवं अन्य सहयोगियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सुनील बज द्वारा किया गया। समारोह की समाप्ति पर सभी शिक्षार्थीयों एवं अतिथियों को श्रीमती मृदुला पांड्या की ओर से लस्सी एवं अल्पाहार वितरित किया गया।




# विश्व रक्तदान दिवस पर दीप हॉस्पिटल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** झोटवाड़ा खातीपुरा रोड पर स्थित दीप हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ अनिल गुप्ता ने बताया जय दुर्गा ब्लड सेंटर की तरफ से विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया। शिविर युवाओं ने बढ़ चढ़कर इस मुहिम में भाग लिया। डॉक्टर गुप्ता ने बताया रक्तदान महादान है समय-समय पर रक्तदान शिविर लगने बहुत आवश्यक हैं, ब्लड बैंकों में लगातार रक्त की कमी के आकड़े मिल रहे हैं यह बहुत गंभीर मामला है इसलिए बढ़-चढ़कर इस तरह के कार्यक्रम में हिस्सा ले तथा जिनकी उम्र 19 से 50 साल के बीच है वे आसानी से रक्तदान कर सकते हैं जिनका हिमोग्लोबिन 12.5 है वह भी आसानी से ब्लड डोनेट कर सकते हैं ,रक्तदान करने के पश्चात लगभग 24 से 48 घंटे में रक्त की पूर्ति हो जाती है एवं हार्ट अटैक तथा कोलेस्ट्रॉल जैसी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वही डॉक्टर मनोज लंबा ने जय जवान सोसायटी तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट, जय दुर्गा कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी और जय दुर्गा कॉलेज आफ नर्सिंग के सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यापित किया। मौके पर भाजपा नेता दिनेश अमन, डॉ रूपक सिंह ,डॉ ओमप्रकाश काजला, डॉ पवन यादव, डॉ अनुराग सिंह, डॉ सुनील यादव स्माइल फाऊंडेशन मौजूद रहे।